Bareilly Sunday
24 December 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 16

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 05 MIDDLE

नर्सिंग कॉलेज में लैंप लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी हुई आयोजित

bareilly@inext.co.in

● लैंप लाइटिंग से हुई कार्यक्रम की शुरुआत.

BAREILLY (23 Dec): श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सैटर्डे को लैम्प लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी हुई. जीएनएम के 18वें बैच और बीएससी नर्सिंग के सातवें बैच के विद्यार्थियों ने लेडी विद द लैंप नाम से विख्यात फ्लोरेंस नाइटिंगेल से प्रेरणा लेते हुए मानवसेवा की शपथ ली. एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति और ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें नर्सिंग में सफल होने के टिप्स के साथ मानवसेवा के लिए प्रेरित किया.

पुरस्कार किए प्रदान

इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से इसमें बीएससी नर्सिंग के तीसरे वर्ष (2019) के छह मेधावियों को स्कालरशिप भी प्रदान की गई. साथ ही क्विज और पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन में विजेता विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए. ओथ सेरेमनी के बाद नए बैच की फ्रेशर पार्टी हुई. जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा को प्रस्तुत किया. चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि मरीज के स्वस्थ होने में 70 फीसद योगदान नर्स का ही होता है. इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर्स ने भी अपने विचार रखे और स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी.